om-20a_Page 1 and 2 1/20/2014 7:58 PM Page 1

प्रभु मिलन भवन में हुआ आध्यात्मिक कला संग्रह का शुभारंभ

मेरठ। यह एक ऐतिहासिक नगरी है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मेरठ से ही शुरू हुआ था, लेकिन आज ज़रूरत है भारत को सच्ची स्वतंत्रता दिलाने की। उक्त उद्‌गार मेरठ के ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र की ओर से 'आध्यात्मिक कला संग्रह' के उद्घाटन समारोह में ओम शांति रिट्रीट सेंटर दिल्ली की निदेशिका ब्र.कु.आशा ने व्यक्त किए।

दिल्ली रोड पर मोहकमपुर क्षेत्र में दैनिक जागरण कार्यालय के पास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया।

ब्र.कु.नथमल ने आध्यात्मिक कला संग्रह की विस्तृत जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हर व्यक्ति मनोविकार के वशीभूत है और भ्रष्टाचार, अत्याचार का बोलबाला है।

मेरठ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी। साथ हैं राजयोगिनी ब्र.कु.रुक्मणि, ब्र.कु.चक्रधारी तथा अन्य। आध्यात्मिक कला संग्रह की कुछ झलकियाँ।

कर्म में सुधार लाकर हम फिर से भारत को सोने की चिड़िया बना सकते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने इन प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मेरठ वासियों के लिए तोहफा है।

इस अवसर पर पूर्व डायरेक्टर,इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश सीताराम मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की पैरवी हर कोई करता है, लेकिन ब्रह्माकुमारीज़ में ही समस्त शक्तियाँ, महिला यानि मातृ-शक्ति हैं।

मेरठ मंडल की प्रभारी ब्र.कु.विनोद बहन ने कहा कि आध्यात्मिक कला संग्रह का उद्देश्य आत्मा से परमात्मा का मिलन कराना है।

एडीशनल जोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्र.कु.रुक्मणि ने अपना आशीष दिया। इस मौके पर केक भी काटा गया। आर.सी पांडेय, सुमेर सिंह आदि ने इस कार्यक्रम में पूरा सहयोग दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में अनुयायी मौजूद रहे।

२१वीं सदी में विश्व शक्ति के रूप में उभरेगा भारत

बहुप्रतीक्षित 'फ्यूचर ऑफ पॉवर' कार्यक्रम में 'शक्ति के भविष्य' विषय पर हुई चर्चा। 700 से अधिक बुद्धिजीवियों ने लिया भाग।

फरीदाबाद। बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम 'फ्यूचर ऑफ पॉवर' ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा फरीदाबाद के म्यूनिसिपल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के 700 से अधिक बुद्धिजीवियों ने शिरकत की। ऑस्ट्रेलिया, यू.के., जापान, केन्या सहित शहर की ख्यातिनाम हस्तियों ने एक ही मंच पर 'शक्ति के भविष्य' विषय पर टॉक शो द्वारा चर्चा की।

'फ्यूचर ऑफ पॉवर' कार्यक्रम के प्रणेता, केन्या के सुप्रसिद्ध उद्योगपति निज़ार जुमा ने कहा कि केवल भारत के पास ही वह आध्यात्मिक शक्ति है, जो हार्ड पॉवर को सॉफ्ट पॉवर में बदल सकती है।

इस टॉक शो में कस्टम राष्ट्रीय अकादमी की पूर्व महानिदेशिका रशीदा हुसैन ने कहा कि शक्तियाँ हम सबमें मौजूद हैं, लेकिन पहचानने की आवश्यकता है। जब हम शांति में अंतर्मुखी हो बैठते हैं तो शक्तियाँ जागने लगती हैं और सकारात्मक विचार प्रवाह होने लगते हैं।

जीवा ग्रुप से आए स्टीव रुडाल्फ ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का हर्ष व्यक्त करते हुए कहा – "पॉवर" यानि शक्ति, यही

फरीदाबाद। 'फ्यूचर ऑफ पॉवर' कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए सुप्रसिद्ध उद्योगपति निज़ार जुमा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति।

परमात्मा की शक्तियों का स्त्रोत है जो सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है। लेकिन जब हम मानसिक स्तर पर इसके लिए तैयार नहीं होते, तो अंधकार ही दिखता है और शक्तियों का अभाव प्रतीत होता है। जब हम अपने मन को केन्द्रित करते हैं तभी हम अपने संकल्पों को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। इस तरह हम आध्यात्मिक शक्ति के सौंदर्य को गहराई से प्रत्यक्ष कर सकते हैं।

मिनिस्ट्री ऑफ पार्लियामेंट अफेयर्स डी.एच. के असिस्टेंट डायरेक्टर, मृगनयनी पाण्डे ने कहा कि हम सभी के संकल्प एक हों और ऐसा निर्णय हो जो सर्वमान्य हो और जिसमें सबका कल्याण हो।

पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी अजय रात्रा ने कहा कि अपनी विशेषताओं को अधिक से अधिक निखारना ही शक्ति है। हमें स्वयं को और दूसरों को सदा प्रसन्न रखने का प्रयास करना चाहिए।

जैसा कि हमें अनुभव हो रहा है कि शक्ति का स्थानांतरण पश्चिम से पूर्व की ओर हो रहा है और भारत ही एकमात्र केन्द्र बिंदु है। अब ये पूर्णत: यहां के अधिनायकों पर निर्धारित है कि वे इस शक्ति की जिम्मेवारी उठाने में समर्थ हैं या नहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रॉडकास्ट एडीटर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेट्री एन.के.सिंह ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व शक्ति के रूप में उभरेगा, इसके लिए आध्यात्मिक शक्ति की सख्त ज़रूरत है।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510
सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088, Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 170 रुपये, तीन वर्ष 510 रुपये, आजीवन 4000 रुपये । विदेश - 2000 रुपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/12-14, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2013-14, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH every month
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।